**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**Council of Scientific and Industrial Research**
**अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi-110001**

सं.: 5-1(752)/2019-पीडी                                                                 दिनांक : 20.03.2025

## <u>कार्यालय ज्ञापन</u>

**विषय: विधि सलाहकार, सीएसआईआर के पद के लिए भर्ती नियम के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सीएसआईआर के शासी निकाय ने दिनांक 06.01.2025 को संपन्न अपनी 207वीं बैठक में सीएसआईआर के विधि सलाहकार के पद हेतु भर्ती नियमों **(अनुलग्नक-I)** को अनुमोदन प्रदान किया है। तदनुसार, इसे सभी संबंधितों की जानकारी, मार्गदर्शन और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिसूचित किया जाता है।

ये नियम तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

20/03/25

( अमरेन्द्र कुमार )
अवर सचिव (नीति प्रभाग)

संलग्न : यथोपरि

प्रति:

1. महानिदेशक, सीएसआईआर का कार्यालय
2. संयुक्त सचिव (प्रशा.), सीएसआईआर का कार्यालय
3. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर का कार्यालय
4. विधि सलाहकार, सीएसआईआर
5. वरिष्ठ उप सचिव (भर्ती एवं मूल्यांकन)
6. उप सचिव (के.का.)
7. सीएसआईआर वेबसाइट
8. कार्यालय प्रति

अनुलग्नक-I

## विधि सलाहकार के पद पर भर्ती हेतु सीएसआईआर सेवा नियम, 2025 ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | संक्षिप्त शीर्षक और प्रारंभ | - इन नियमों को 'विधि सलाहकार के पद पर भर्ती के लिए सीएसआईआर सेवा नियम, 2025' कहा जाएगा और ये अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होंगे। |
| 2. | नियमों का क्षेत्र | - सीएसआईआर में विधि सलाहकार की भर्ती और पदोन्नति इन नियमों के अधीन होगी। |
| 3. | वेतन ग्रेड/वेतनमान | - वेतन स्तर- 12 |
| 4. | पद का वर्गीकरण/श्रेणी | - प्रशासनिक समूह 'क' आइसोलेटेड कैटेगरी |
| 5. | कैरियर में प्रगति | - सीएसआईआर में प्रत्येक 10 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी करने पर विभागीय पदोन्नति समिति में उम्मीदवार को व्यक्तिगत विचार-विमर्श के लिए बुलाए जाने के उपरांत इस समिति की सिफारिश से योग्यता आधार पर अगले उच्चतर वेतन स्तर पर इन-सीटू पदोन्नति। |
| 6. | नियुक्ति प्राधिकारी | - महानिदेशक, सीएसआईआर |
| 7. | भर्ती का तरीका | - सीधी भर्ती/संविदा/ प्रतिनियुक्ति । इन नियमों के अनुसार नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति की सिफारिश पर। |
| 8. | योग्यता और अनुभव | - एलएलएम के साथ-साथ सेवा मामलों को संभालने का 5 वर्ष का अनुभव; अथवा 5 वर्षीय एकीकृत एलएलबी/एलएलबी के साथ सेवा मामलों को संभालने का 8 वर्ष का अनुभव। |
| 9. | आयु | - इस पद के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक न्यूनतम 32 वर्ष और अधिकतम 50 वर्ष । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग आदि के आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार लागू होगी । सीएसआईआर कार्मिकों के लिए कोई आयु-सीमा नहीं है। |
| 10. | छूट देने का अधिकार | - नियुक्ति प्राधिकारी (महानिदेशक, सीएसआईआर) असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवार के मामले में आयु सीमा और/या अनुभव में छूट दे सकता है। |

11. चयन एवं छानबीन समिति (Screening Committe) का गठन

- इस पद हेतु चयन समिति/विभागीय पदोन्नति समिति का गठन नियुक्ति प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नानुसार किया जाएगा:

  i. अध्यक्ष – सचिव, भारत सरकार विधि मंत्रालय या उनके द्वारा नामित व्यक्ति (संयुक्त सचिव के पद से नीचे का न हो)
  ii. महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा नामित एक बाह्य विशेषज्ञ
  iii. किसी राष्ट्रीय प्रयोगशाला/संस्थान के निदेशक /सीएसआईआर के महानिदेशक द्वारा नामित सीएसआईआर का विभागाध्यक्ष।
  iv. संयुक्त सचिव (प्रशासन), सीएसआईआर
  v. वित्तीय सलाहकार, सीएसआईआर

  छानबीन समिति (Screening Committe) चयन समिति के सदस्यों में से गठित की जाएगी।

12. भर्ती की विधि एवं चयन

- विधि सलाहकार के पद का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। विज्ञापन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विधिवत रूप से गठित छानबीन समिति (Screening Committe) द्वारा विचार किया जाएगा।

  छानबीन समिति (Screening Committe) द्वारा सूचीबद्ध अभ्यर्थियों का साक्षात्कार चयन समिति द्वारा लिया जाएगा।

  चयन समिति की सिफारिशें नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएंगी।

13. परिवीक्षा

- चयनित अभ्यर्थी एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेगा। इस अवधि को नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

14. वेतन

- चयनित अभ्यर्थी का वेतन सीएसआईआर के नियमों एवं अनुदेशों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

15. व्याख्या

- इन नियमों की व्याख्या से संबंधित किसी भी प्रश्न के संबंध में महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

16. निरसन और अपवाद

- ये नियम सीएसआईआर में विधि सलाहकार के पद पर भर्ती से संबंधित किसी भी विद्यमान नियम और/या अनुदेशों का स्थान ले लेंगे बशर्ते कि ये नियम मौजूदा नियमों के अनुरूप न हों।

-----------